हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 27 सितंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 संभागायुक्त ने छात्रावास में परखी भोजन की गुणवत्ता, आवास व...



07 घर के सामने खेल रही 3 साल की बालिका को राजस्थान की स्कूल बस...



खबर संक्षेप

छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025 -26 हेतु आवेदन आमंत्रित

सागर। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक के लिए अपना आवेदन दिनांक 23 नवम्बर 2026 तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

केन्द्रीय जेल सागर में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

सागर। केन्द्रीय जेल सागर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर के तत्वावधान में बंदियों के विधिक अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक सहायता के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों एवं न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से जेल में निरुद्ध 30 महिला बंदियों को आर्टिफिशियल क्रिएटिव ज्वेलरी निर्माण का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के उपरांत प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। महिला बंदियों ने प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए ज्वेलरी निर्माण कौशल का जीवंत प्रदर्शन करते हुए डेमो प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित अतिथियों ने सराहा। इस अवसर पर महिला बंदियों ने सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य की प्रस्तुति भी दी। जेल में रहकर विभिन्न परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले 32 बंदियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान किया गया। इसी प्रकार गीता परिवार के मार्गदर्शन में गीता अध्ययन एवं विभिन्न स्तरों की परीक्षाएं पूर्ण करने वाले 11 बंदियों को भी प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। विशेष रूप से बंदी नितिन पिता शिवराम दुबे ने गीता जिज्ञासु परीक्षा में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर गीता जिज्ञासु की उपाधि हासिल की। उनकी इस उपलब्धि पर प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वासना के भाव परिणामों को विचलित करते हैं : मुनि श्री अभय सागर

सागर। भाग्योदय तीर्थ सागर में दशलक्षण पर्व के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी पर निर्यापक मुनि श्री अभय सागर महाराज ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर प्रवचन देते हुए कहा कि शरीर के प्रति आकर्षण और वासना के भाव मनुष्य के परिणामों को विचलित करते हैं। जैसे दूध को गर्म करने पर उसमें मिला जल उफान को बढ़ाता है, उसी प्रकार वासना के भाव आत्मस्वरूप से दूर ले जाते हैं। संयमित जीवन और ब्रह्मचर्य के संकल्प से इन भावों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। मुनि श्री ने कहा कि क्षमा धर्म ने जिस प्रकार क्रोध कषाय को शांत करने का मार्ग दिखाया, उसी प्रकार ब्रह्मचर्य व्रत वासना और विषयासक्ति से बचने का साधन है। आधुनिक संसाधनों और विज्ञापनों के माध्यम से बढ़ती विषय-वासनाओं के बीच संयमित जीवन की आवश्यकता और अधिक बढ़ गई है। उन्होंने श्रद्धालुओं से ब्रह्मचर्य सहित संयम के विभिन्न नियमों का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुनि श्री ने कहा कि शाकाहार की पहचान को लेकर जागरूकता अभियान को सफलता मिली लंबे प्रयासों के बाद भारत सरकार द्वारा कॉस्मेटिक और टॉयलेट्री उत्पादों पर शाकाहारी अथवा मांसाहारी होने की पहचान दर्शाना अनिवार्य किए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि अब दवाइयों और औषधीय उत्पादों पर भी ऐसी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रयास जारी हैं, ताकि उपभोक्ता अहिंसा और शाकाहार के सिद्धांतों के अनुरूप जागरूक निर्णय ले सकें।

कलेक्टर ने कहा- रास्ते के आवेदन 3 दिन में, आवासीय पट्टों पर 7 दिन में होगी कार्रवाई

किसानों की जमीन का कंप्यूटरीकरण होगा, तो योजनाओं का लाभ लेने की राह होगी आसान : बृज बिहारी पटेरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलॉ

किसान के लिए उसकी जमीन सिर्फ खेत का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि परिवार की उम्मीद, बच्चों के भविष्य और उसकी मेहनत की सबसे बड़ी पूंजी है। इसी जमीन से खाद-बीज, फसल और सरकारी योजनाओं का लाभ जुड़ा है। ऐसे में यदि जमीन का रिकॉर्ड ही कंप्यूटरीकृत न हो तो किसान को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। देवरी में आयोजित जन विश्वास शिविर में किसानों की इस पीड़ा को विधायक बृज बिहारी पटेरिया ने कलेक्टर प्रतिभा पाल के सामने रखा और जमीनों के शीघ्र कंप्यूटरीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के तहत शनिवार को देवरी विकासखंड के मंडी प्रांगण में खंडस्तरीय जन विश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। किसी ने रास्ता खुलवाने की मांग रखी तो किसी ने आवासीय पट्टे, जमीन के रिकॉर्ड और शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने की गुहारलगाई। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आमजन के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश दिए।



जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद जरूरी : पटेरिया

देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान जनता, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच सीधे संवाद का माध्यम बना है। शिविर का उद्देश्य केवल आवेदन लेना नहीं, बल्कि आमजन की समस्या को समझना और उसके समाधान की दिशा में तत्काल कदम उठाना है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे और जनता की समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया भी उसी गति से चलती रहनी चाहिए।

विधायक ने स्वामित्व योजना से जुड़े कार्यों में किसी तरह की रुकावट नहीं आने देने की बात कही। उन्होंने किसानों की जमीनों के शीघ्र कंप्यूटरीकरण पर जोर देते हुए कहा कि रिकॉर्ड ऑनलाइन और व्यवस्थित होने से किसानों को खाद, बीज सहित शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। जमीन से जुड़े रिकॉर्ड के लिए किसानों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े, इसके लिए व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाने की जरूरत है।

रास्ते के लिए भटकने की जरूरत नहीं, 3 दिन में कार्रवाई

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि जन विश्वास अभियान का मूल उद्देश्य प्रशासन को आमजन के बीच ले जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने शिविर में पहुंचे लोगों से सीधे संवाद किया और एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि रास्ता खोलने से संबंधित आवेदनों पर तीन दिवस में कार्रवाई की जाए। आवासीय पट्टे के प्रकरणों में एसडीएम देवरी के माध्यम से सर्वे कराकर सात दिवस में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शासन स्तर पर लंबित मामलों में आवेदकों को प्रकरण की वास्तविक स्थिति की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए, ताकि लोगों को अपने ही मामले की जानकारी के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

अतिथियों के जाते ही शिविर से अधिकारी हुए नदारद

नागरिकों की समस्याओं के मौके पर निराकरण के उद्देश्य से आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर कार्यक्रम के अतिथियों और वरिष्ठ अधिकारियों के जाते ही समाप्त हो गया। जबकि उक्त शिविर सायं 05 बजे तक आयोजित किया गया था। जिसके संबंध में जिला कलेक्टर महोदया द्वारा मंच से विभिन्न विभागों अधिकारियों को सायं 05 बजे तक उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं संबंधी आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिये गये थे। परंतु अतिथियों और वरिष्ठ अधिकारियों के जाते ही सभी विभाग मौके से नदारद हो गये और कार्यक्रम दोप. 3 बजे ही समापन हो गया। मामले जिला कलेक्टर के आदेशों की अवहेलना चर्चा का विषय है।

बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने भी किया जागरूक

पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने कानून-व्यवस्था की स्थिति और पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से अभिभावकों और नागरिकों को जागरूक किया। बच्चों की सुरक्षित आवाजाही, सुरक्षा संबंधी सावधानियों तथा किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की।

स्टॉलों पर मिली योजनाओं की जानकारी, बांटे प्रमाण-पत्र

शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। विधायक पटेरिया और कलेक्टर पाल ने स्टॉलों का निरीक्षण कर उपलब्ध सेवाओं, योजनाओं और प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने और आवेदनों का नियमानुसार तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। शिविर में विभिन्न विभागों ने नागरिकों को योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी तथा पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए। जैविक खेती सहित अन्य क्षेत्रों में नवाचार करने वाले हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष देवरी, जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे, जिला एवं खंडस्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण मौजूद रहे।



बारिश में भी नहीं टूटा हौसला, धूमधाम से बप्पा को दी विदाई, देर रात तक निकला चल समारोह

गढ़ाकोटा। कभी रिमझिम बारिश की फुहारें थी तो कभी झमाझम बारिश थी। मौसम का मिज़ाज बदला हुआ था। लेकिन भक्त भी ऐसे जिनके उत्साह में ज़रा भी कमी नहीं थी। देर रात तक गणपति बाप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंजते रहे। विसर्जन के पहले धूमधाम से चल समारोह निकला गया। ये नज़ारा सागर के गढ़ाकोटा क्षेत्र का है। जहां अनंत चतुर्दशी के मौके पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। बड़ी प्रतिमाओं का व्यवस्थित तरीके से हाइड्रा मशीन से विसर्जन हुआ। वहीं घाट पर पूर्व मंत्री और विधायक गोपाल भार्गव की तरफ से प्रसादी का वितरण हुआ। भले ही पानी बरस रहा था बावजूद इसके जोरों शोरों से बाप्पा की विदाई जारी थी। देर रात तक नगर के प्रमुख मार्गों से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन चल समारोह निकला। अखाड़ों के कलाकारों ने अलग-अलग करतब और प्रदर्शन पेश कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। चल समारोह के दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए बप्पा को विदाई देते रहे। देर रात बड़े पुल स्थित सुनार नदी घाट पर बड़ी और छोटी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन प्रशासन की मौजूदगी में किया गया। विसर्जन स्थल पर सुरक्षा को लेकर प्रशासन और नगर पालिका की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। तहसीलदार महेश दुबे,थाना प्रभारी शिवम दुबे समेत पुलिस और राजस्व अमला मौजूद रहा। नगर पालिका ने घाट पर पर्याप्त रोशनी, सफाई, तैराक और हाइड्रा मशीन की व्यवस्था की थी। पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने घाट पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कराया। हाइड्रोलिक मशीन की मदद से बड़ी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था की गई थी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने बताया की गढ़ाकोटा नगर समेत तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से भी गणेश प्रतिमाएं विसर्जन के लिए पहुंचीं। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।



गढ़ाकोटा में 46 आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ

गढ़ाकोटा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर तीन दिवसीय उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस बाल स्वास्थ्य एवं आनंदमय गतिविधियां, द्वितीय दिवस मातृ स्वास्थ्य एवं पोषण संवाद तथा तृतीय दिवस 'मेरी कहानी, मेरी सफलता' योजना लाभार्थी संवाद सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण पत्र एवं पीले चावल देकर कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया। इसी क्रम में शनिवार को परियोजना स्तरीय 46 आंगनबाड़ी केंद्रों पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। ग्राम पिपरिया गोपाल में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश कपस्या तथा कमला नेहरू वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डब्बू तिवारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिला एवं बाल विकास समिति अध्यक्ष संजय खटीक ने कमला नेहरू वार्ड में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण, बाल स्वास्थ्य एवं आनंदमयी गतिविधियां, प्रधानमंत्री के संदेश का वाचन एवं प्रसारण, मुख्यमंत्री द्वारा जारी अपील का वाचन, बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी शीतल पटेरिया, राजेश्वरी चौबे, पर्यवेक्षक स्नेहलता जैन, बबीता भदौरिया एवं प्रियंका सेन सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, आशा कार्यकर्ता, महिलाएं, बच्चे एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



जिला शहर कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

सागर। जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव गांधी भवन, जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी की जयंती पर श्रद्धांजलि एवं स्मरण सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मनमोहन सिंह जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी। वे एक ईमानदार, सादगी पसंद और विद्वान प्रधानमंत्री थे। 1991 के ऐतिहासिक आर्थिक सुधारों से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में 10 वर्षों तक देश को आर्थिक मजबूती और विश्व में सम्मान दिलाने में उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेमराज रजक ने कहा कि डॉ. साहब की विनम्रता और दूरदर्शिता हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है। देश ने एक महान अर्थशास्त्री और सच्चा देशभक्त खो दिया है, उनकी कमी हमेशा खलेगी। संचालन प्रवक्ता कमलेश तिवारी एवं आभार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा ने व्यक्त किया कार्यक्रम में दीनदयाल तिवारी, सुनील पहेवा, महेश यादव, कुंजीलाल लाडिया, सागर साहू, आनंद हेला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दसलक्षण महापर्व पर निकली श्रीजी की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

दसलक्षण महापर्व के समापन अवसर पर जैन समाज की ओर से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। प्रातः अभिषेक, शांतिधारा के बाद मुनिश्री प्रयोग सागर जी के सानिध्य में क्षमा धर्म की पूजा संपन्न हुई। दोपहर 2 बजे आदिनाथ जिनालय बजरिया से रजत विमान में श्रीजी की शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो नगर भ्रमण के बाद जैन धर्मशाला पहुंची। यहां पुनः अभिषेक कर श्रीजी को मंदिर में विराजमान किया गया। शोभायात्रा के दौरान घर-घर रंगोली सजाकर ध्वज वंदन किया गया और श्रीजी की आरती उतारी गई। पूर्व नपा अध्यक्ष सौरभ हजारी, अक्षय हजारी सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने आरती कर एक-दूसरे से उत्तम क्षमा की प्रार्थना की। कार्यक्रम में लगातार दस दिन पूर्ण उपवास करने वाले श्रावक-श्राविकाओं का सम्मान किया गया। चातुर्मास प्रारंभ से पूजन विधान में मार्गदर्शन देने वाले ब्र. रजनीश भैया, संगीतकार एवं सहयोगी कर्मचारियों का पंचायत अध्यक्ष सुरेश वारमूरी, ट्रस्ट अध्यक्ष राकेश चांदपुर और चातुर्मास समिति अध्यक्ष विनीत जैन ने सम्मान किया। आरती, रंगोली एवं झांकी सजाओ प्रतियोगिता के प्रतिभागियों और समाज मंडली प्रमुख प्रवीण जैन का भी सम्मान किया गया। साधु द्वय का पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य अवधेश जैन सपरिवार को मिला। संचालन सुरेंद्र आजाद ने किया।



कुंडलपुर की तर्ज पर मंदिर निर्माण का आह्वान

शांतिधारा के बाद मुनिश्री प्रयोग सागर एवं क्षुल्लक श्रीप्रीत सागर जी ने देशना दी। मुनिश्री ने कहा कि वर्ष 2015 में आचार्य विद्यासागर जी की उपस्थिति में अतिशय क्षेत्र पटना गंज में बड़े बाबा मंदिर निर्माण का संकल्प लिया गया था। आचार्य समय सागर जी के सानिध्य में स्थल चयन और निर्यापक मुनि योग सागर जी के सानिध्य में गर्भगृह निर्माण का संकल्प लिया गया था। अब समय आ गया है कि कुंडलपुर की तर्ज पर रहली की पहचान भगवान महावीर स्वामी के मंदिर का निर्माण प्रारंभ कर उसे शीघ्र पूर्ण कराया जाए।उन्होंने कहा कि क्षमावाणी पर्व केवल पूजा का अवसर नहीं, बल्कि अंतर्मन से क्षमा मांगने और दूसरों को क्षमा करने का पर्व है। जिन प्राणियों के प्रति हमसे कोई भूल या अपराध हुआ हो, उनसे क्षमा मांगें और दूसरों द्वारा हुई भूल को भी निष्पृह भाव से क्षमा करें, तभी क्षमावाणी पूजा सार्थक होगी।



फार्मेसी शिक्षा में तकनीकी कौशल और नए पाठ्यक्रमों के अनुरूप विद्यार्थियों को करें सशक्त

स्वस्थ भविष्य के लिए फार्मासिस्ट को सशक्त बनाने राष्ट्रीय संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय के एसव्हीएन इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च द्वारा 'स्वस्थ भविष्य के लिए फार्मासिस्ट को सशक्त बनाना' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। एसव्हीएन इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च के प्राचार्य डॉ. रविश कुमार साहू ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय दिया। फार्मेसी विभाग के अधिष्ठाता प्रो. शैलेन्द्र पाटिल ने संगोष्ठी के विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

तकनीकी बदलाव के साथ आगे बढ़े फार्मेसी शिक्षा

विश्वविद्यालय के उपकुलाधिपति आदित्य प्रखर तिवारी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में फार्मेसी शिक्षा में हो रहे बदलावों पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को तकनीकी कौशल तथा नवीन पाठ्यक्रमों के अनुरूप सशक्त बनाने की आवश्यकता बताई। मुख्य वक्ता डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभागाध्यक्ष प्रो. उमेश कुमार पाटिल ने एंटीबायोटिक के तर्कसंगत उपयोग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रो. सुशील कुमार काशव ने आधुनिक फार्मेसी को तकनीकी समझ से जोड़ते हुए सुरक्षित एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय, छतरपुर की पूर्व कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी ने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया का उपयोग ज्ञान और सकारात्मक सोच के लिए करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाली हर चीज वास्तविक जीवन की सच्चाई नहीं होती।



विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

तकनीकी सत्र में फार्मेसी के विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रेजेंटेशन, साइंस वर्किंग मॉडल, फार्मेसी थीम आधारित रंगोली और पेशेंट काउंसलिंग ड्रामा सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिताओं का निरीक्षण ज्ञानसागर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, सागर के डॉ. निकुंज अग्रवाल ने किया।कार्यक्रम के अंत में स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. ध्रुव कुमार द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में फार्मेसी विभाग के शिक्षक, विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

बाघराज जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व पर धार्मिक कार्यक्रमों का समापन

दस उपवास करने वाली ऋषिका-आलोक जैन का सम्मान, प्रतियोगिताओं में बच्चों-बड़ों ने लिया उत्साह से हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बाघराज कॉलोनी स्थित श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व के अवसर पर आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन सम्मान एवं पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद एवं शुभकामना परिवार सद्भावना शाखा की बहनों द्वारा चतुर्दशी की रात्रि में 10 दिवसीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। दस उपवास करने पर ऋषिका-आलोक जैन का सम्मान किया गया।

पर्व के दौरान प्रतिदिन श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं आरती तथा शाम को 48 दीपों से भक्तामर पाठ और आरती की गई। इस दौरान 1 मिनट प्रतियोगिता, महावीर बोलेंगे, फैंसी ड्रेस, मुंबई सिटी, कुर्सी दौड़, भजन, नृत्य, धार्मिक तंबोला एवं प्रश्न मंच सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। बच्चों और बड़ों को उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कार दिए गए।कार्यक्रम में श्री पार्श्वनाथ मंदिर प्रबंधकारिणी, पाठशाला परिवार, महिला परिषद, शुभकामना परिवार सद्भावना शाखा सहित कॉलोनी एवं आसपास के समाजजन शामिल हुए और धर्मलाभ लिया।

व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुधार व व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के दिए निर्देश

संभागायुक्त ने छात्रावास में परखी भोजन की गुणवत्ता, आवास व ड्रेनेज का भी किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





सागर संभागायुक्त दिलीप कुमार ने टीकमगढ़ का दौरा किया। इस दौरान जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के साथ शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर नवीन छात्रावास ढोंगा का औचक निरीक्षण कर छात्रावास की व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के एएचपी प्रोजेक्ट तथा बड़ागांव खुर्द में विकसित किए जा रहे अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम का भी निरीक्षण किया।

छात्रावास के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त दिलीप कुमार ने वहां निवासरत छात्रों से सीधे संवाद किया और उनसे छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं, भोजन, रहने की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने छात्रों को वितरित किए जा रहे भोजन को स्वयं चखकर उसकी गुणवत्ता भी परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से छात्रावास की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुधार एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद संभागायुक्त ने नगर पालिका टीकमगढ़ क्षेत्र के ढोंगा में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत संचालित एएचपी प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़ के साथ उन्होंने निर्माणाधीन आवासों की प्रगति, निर्माण कार्य की गुणवत्ता तथा परियोजना की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और परियोजना को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप आगे बढ़ाने पर जोर दिया। संभागायुक्त ने ग्राम पंचायत बड़ागांव खुर्द पहुंचकर गांव में विकसित किए जा रहे अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम का भी निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत के सरपंच ने बताया कि गांव के करीब 300 घरों को अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम से जोड़ा जा चुका है, जबकि शेष घरों को जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। संभागायुक्त ने योजना की उपयोगिता और शेष कार्य की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त दिलीप कुमार ने ग्रामीणों से संवाद कर हाल ही में हुई बारिश से फसलों को हुए नुकसान की जानकारी भी ली। ग्रामीणों से फसल क्षति की जानकारी मिलने पर उन्होंने संबंधित तहसीलदार को प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति का सर्वे कराने के निर्देश दिए, ताकि वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, एसडीएम टीकमगढ़ संस्कृति मुदित लटौरिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला स्तरीय समीक्षा समिति व डीएससीसी की बैठक

बैंकों को ऋण वितरण में तेजी लाने के निर्देश, सीडी रेशियो बढ़ाने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल धाकड़ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) तथा डीएससीसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की बैंकिंग गतिविधियों, ऋण वितरण, वित्तीय समावेशन और विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बैंकों को पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और ऋण वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) कैलाश नारायण आर्य ने जिले के विभिन्न बैंकों के सीडी रेशियो की शाखावार प्रगति प्रस्तुत की। इस दौरान जिले में सीडी रेशियो बढ़ाने के लिए किए जाने वाले उपायों पर से चर्चा हुई। कलेक्टर ने विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समय पर ऋण सहित अन्य बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए। जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़ ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जन-धन योजना सहित विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैंक शाखाओं को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल से उपस्थित एलडीओ अंकुश सिंह ने जिले के सभी बैंकों के सीडी रेशियो में वृद्धि तथा प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण वितरण की प्रगति सुधारने पर जोर दिया। उन्होंने बैंक शाखाओं को ऋण वितरण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने और पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता क्षेत्र से संबंधित ऋण योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में नाबार्ड के डीडीएम मिर्जा फैसल बैग, भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा टीकमगढ़ के मुख्य प्रबंधक रविशंकर सिंह, एसबीआई आरसेटी के डायरेक्टर विवेक रघुवंशी, मप्र ग्रामीण बैंक राजमहल शाखा के अनूप कुमार जैन आदि उपस्थित रहे।



मानव श्रृंखला में दिया स्वच्छता का संदेश, विद्यार्थियों ने लिया प्लास्टिक मुक्त का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ द्वारा शहर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत पुष्पा हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं वार्ड क्रमांक 18 में अस्पताल के सामने स्थित सार्वजनिक शौचालय की विशेष साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

पुष्पा हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित ह्यूमन चैन गतिविधि में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला के माध्यम से एसयूपी, चश्मे एवं 3-आर की आकृतियां बनाईं। इस अनूठी गतिविधि के जरिए विद्यार्थियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से बचने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल यानी 3-आर की अवधारणा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि अनावश्यक वस्तुओं के उपयोग को कम करना, उपयोगी वस्तुओं का दोबारा इस्तेमाल करना और कचरे को पुनर्चक्रण के लिए अलग करना स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल शहर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मानव श्रृंखला के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्लास्टिक मुक्त, स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल टीकमगढ़ का संदेश दिया। नगर पालिका द्वारा अभियान के दूसरे चरण में सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय सफाई अभियान भी चलाया गया। इसके तहत वार्ड क्रमांक 18 में अस्पताल के सामने स्थित सार्वजनिक शौचालय की विशेष साफ-सफाई की गई।

सफाई अभियान के दौरान शौचालय परिसर में जमा गंदगी और कचरे को हटाया गया तथा परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया गया। अभियान के माध्यम से नागरिकों को सार्वजनिक स्थलों और शौचालयों में स्वच्छता बनाए रखने के साथ नियमित साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया। नगर पालिका का यह अभियान स्वच्छता को केवल एक दिन की गतिविधि तक सीमित रखने के बजाय इसे नियमित व्यवहार और सामुदायिक जिम्मेदारी से जोड़ने की दिशा में केंद्रित रहा। विद्यार्थियों की सहभागिता से जहां पर्यावरण संरक्षण का संदेश नई पीढ़ी तक पहुंचा, वहीं सार्वजनिक शौचालय की सफाई के माध्यम से सार्वजनिक स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।



मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत टीकमगढ़ विकासखंड में जनविश्वास शिविर आयोजित

43 आवेदनों पर सुनवाई, 105 राजस्व प्रकरणों का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत टीकमगढ़ विकासखंड में जनविश्वास शिविर आयोजित किया गया। संभागायुक्त दिलीप कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याओं एवं शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में प्राप्त 43 आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि राजस्व अभिलेख सुधार से संबंधित 105 प्रकरणों का निराकरण करते हुए आवेदकों को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए गए।

शिविर में नागरिकों ने राजस्व अभिलेखों में सुधार, भूमि संबंधी प्रकरण, बीपीएल एवं संबल कार्ड, सड़क निर्माण एवं मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण करते हुए पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर दिया गया। संभागायुक्त ने उद्यमियों रजनीश बिहारी मिश्रा, अमित भास्कर, विवेक कुमार गुप्ता, ज्योति सिंह एवं ओमप्रकाश मिश्रा से संवाद कर उनके व्यवसाय, आवश्यकताओं और समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, पीएमएफएमई, पीएम विश्वकर्मा, पीएम स्वनिधि, उद्यानिकी विभाग की क्षेत्र विस्तार योजना तथा एनआरएलएम स्व-सहायता समूह ऋण योजना सहित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत पात्र 15 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

संभागायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्यमियों की आवश्यकताओं के अनुरूप विभागीय सहयोग और बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिक से अधिक पात्र युवाओं को स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र सुनौरा-खिरिया में आवंटित भूखंडों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करने तथा उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने जिले के इंफ्लूएंसर्स अमन सोनी, मयूर तिवारी एवं अदिति मिश्रा से भी संवाद किया। उन्होंने उनके द्वारा तैयार किए जा रहे कंटेंट की जानकारी लेते हुए समाजहित, जनजागरूकता एवं ज्ञानवर्धक विषयों पर उपयोगी और सकारात्मक कंटेंट तैयार करने का सुझाव दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह ने कहा कि जनविश्वास अभियान का उद्देश्य नागरिकों को शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ सहज, सुगम और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जनविश्वास शिविरों के माध्यम से प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है तथा नागरिकों की समस्याओं का उनके क्षेत्र में ही समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। संभागायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में नियमानुसार निराकरण किया जाए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। शिविर में जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़, एसडीएम संस्कृति मुदित लटोरिया, तहसीलदार सतेंद्र गुर्जर, जनपद पंचायत सीईओ मनीष शेंडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित किए जा रहे आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

आंगनबाड़ी केंद्रों पर सजा सेवा का आंगन पोषण के साथ स्वास्थ्य व सम्मान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिलेभर के आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित किए जा रहे आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के तहत शनिवार को बल्देवगढ़ नगर परिषद के वार्ड क्रमांक-2 सहित ग्राम आलमपुरा के आंगनबाड़ी केंद्र में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, महिलाओं के स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी सेवाओं को लेकर जागरूकता के साथ पौधरोपण, सम्मान और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। बल्देवगढ़ नगर परिषद के वार्ड क्रमांक-2 में आयोजित आंगन मिलन सेवा समारोह में पूर्व राज्यमंत्री राहुल सिंह लोधी, नगर पालिका अध्यक्ष शालिनी विश्वदीपक मिश्रा, नंदू चौरसिया, सुरेंद्र लोधी सहित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। इस दौरान बच्चों एवं महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा पोषण प्रदर्शनी के माध्यम से संतुलित एवं पौष्टिक आहार की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पौधरोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।



समारोह में लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत पात्र बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान भी किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों एवं उपस्थित हितग्राहियों को मिठाई और फल वितरित किए गए। बही दूसरी ओर ग्राम पंचायत आलमपुरा के आंगनबाड़ी केंद्र (ब) में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ पवन सिंघिया एवं अशरफी खान ने किया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में सहजन के पौधे का रोपण किया गया। बच्चों की शारीरिक गतिविधियों का अवलोकन कर उनके स्वास्थ्य एवं विकास से संबंधित जानकारी ली गई। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के वीडियो संदेश तथा मुख्यमंत्री के पत्र का प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू खरे, रजनी खरे एवं नीलू खरे सहित सहायिका और आशा कार्यकर्ता का सम्मान किया गया। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को मिठाई, लड्डू एवं फल वितरित किए। लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत एक बालिका को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जबकि एक लाड़ली बहना का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित परियोजना अधिकारी प्रदीप मिश्रा ने आंगन मिलन सेवा की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि 26 सितंबर से 5 अक्टूबर तक जिले के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में स्वास्थ्य शिविर लगाने के साथ महिलाओं को एनीमिया से बचाव एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाएगी।

एक्सीलेंस क्रमांक-1 में हुआ जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

1947 से 2047 तक के भारत की कल्पना को उकेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



सेवा संकल्प अभियान के तहत एक्सीलेंस क्रमांक-1 में जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और कला के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को कागज पर उकेरते हुए सशक्त, आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले भारत की तस्वीर प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, जतारा विधायक एवं पूर्व मंत्री हरिशंकर खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, सागर संभागायुक्त दिलीप कुमार, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, अपर कलेक्टर शिवप्रकाश मंडराह, जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़, वरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, सेवा संकल्प अभियान के जिला संयोजक राजेंद्र तिवारी, प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव एवं शैलेश श्रीवास्तव सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वर्ष 1947 से 2047 तक के भारत की विकास यात्रा और विकसित भारत की कल्पना को अपने चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया। छात्राओं ने विशेष उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। चित्रों में भारत को वैश्विक मंच पर मजबूत पहचान बनाते हुए, तकनीकी रूप से सक्षम, आत्मनिर्भर और प्रगतिशील राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करने के साथ भजन भी प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में हिमांशी कुशवाहा ने प्रथम, राशि यादव ने द्वितीय और पलक परिहार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में संगीता यादव प्रथम, आयुषी नामदेव द्वितीय और पीयूष जैन तृतीय रहे। अतिथियों द्वारा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी अमित जैन ने आभार व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 1947 से 2047 तक के भारत की कल्पना को बच्चों ने जिस तरह चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया है, वह सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 की दिशा में देश में विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तन दिखाई दे रहा है। बेटियां अपनी प्रतिभा और सामर्थ्य से देश-दुनिया में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने युवाओं की उद्यमिता, कृषि और तकनीकी क्षेत्र में हो रहे विकास का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को देश के भविष्य का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। जतारा विधायक एवं पूर्व मंत्री हरिशंकर खटीक ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना में विद्यार्थियों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति सहित समाज के विभिन्न वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें

भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत की संकल्पना के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। वरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें अपने विचार, व्यवहार और कार्यों पर नियंत्रण रखते हुए लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से असफलता से घबराने के बजाय निरंतर प्रयास करते रहने का आह्वान किया। सेवा संकल्प अभियान के जिला संयोजक राजेंद्र तिवारी ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता से पहले जिले के 32 संकुल केंद्रों पर चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं, जिनमें 8,857 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों ने विकसित भारत की संकल्पना को अपनी कला के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

बड़ौदा क्षेत्र के कुडायथा गांव में हुआ हादसा, ड्राइवर पर केस दर्ज

घर के सामने खेल रही 3 साल की बालिका को राजस्थान की स्कूल बस ने कुचला



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



अपने माता पिता की इकलौती बेटी थी निधी

अपने घर के सामने ही बस की टक्कर लगने से मृत हुई धर्मेन्द्र मीणा तीन वर्षीय बेटी पलक उर्फ निधी मीणा अपने माता पिता की इकलौती बेटी थी। बता दें कि धर्मेन्द्र मीणा के दो संतान है। पहली संतान बेटा है तो दूसरी संतान निधी थी। घर की इकलौती और सबसे छोटी बेटी होने से निधी अपने माता पिता की खासी लाडली थी। ऐसे में उसकी दुखद मौत से पूरे घर में करूण रूंदन मच रही है। वहीं गांव का हर कोई व्यक्ति इस सडक हादसे को लेकर शोक व्यक्त कर रहा है।

बेकाबू तरीके से दौड रही राजस्थान स्कूल की एक बस ने घर के सामने खेल रही तीन साल की मासूम बालिका को कुचल दिया। हादसे के दौरान मासूम बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार की अल सुबह यह दर्दनाक हादसा बडौदा थाना क्षेत्र के ग्राम कुडायथा में घटित हुआ। इस हादसे की दुखभरी खबर से जहां गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। वही परिवारजनों की आंखो से आंसूओ की धार रोके नहीं रूक रही है। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया है। इस मामले में बडौदा थाना पुलिस ने पीएम के बाद उपरांत बालिका के शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया और बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुडायथा में राजस्थान के बम्होरीकलां में संचालित हरि एज्युकेशन अकेडमी निजी स्कूल की बस स्कूली बच्चों को लेने के लिए रोज आती है। शनिवार की सुबह पौने आठ बजे के आसपास यह स्कूल बस जब बच्चो को लेने के लिए कुडायथा आई थी,तभी स्कूल बस के चालक ने बस को लापरवाही और तेजी से चलाते हुए घर के बाहर खेल रही धर्मेन्द्र मीणा की 3 साल की बेटी पलक उर्फ निधी मीणा को कुचल दिया। जिससे बालिका की मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग तत्काल बालिका को उठाकर बडौदा अस्पताल लेकर पहुंचे। मगर अस्पताल में बालिका को मृत घोषित कर दिया। इधर हादसे के बाद बस का चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने इस मामले में गिर्राज मीणा की रिपोर्ट पर स्कूल बस चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओ में केस दर्ज कर लिया है।

थाने में खाली पड़ी टीआई की कुर्सी, कैसे हो स्कूल बसों की नियमित चेकिंग

बडौदा थाना क्षेत्र के कई गांवों से राजस्थान के बारां जिले की सीमा लगती है। इसलिए कई गांवों के स्कूली बच्चे राजस्थान के नजदीकी निजी स्कूलों में पढने के लिए जाते है। जिन्हे लेने के लिए राजस्थान के निजी स्कूलों की बसे बडौदा थाना क्षेत्र के गांवों में फर्राटे दौड रही है। राजस्थान की यह स्कूल बसे नियम कायदों पर खरी उतर रही है या फिर नियम कायदों को रौंद रही है। यह देखने की फुर्सत पुलिस को नहीं है। क्योंकि बडौदा थाने में काफी दिनों से थाना प्रभारी की कुर्सी ही खाली पडी है। जिसकारण टीआई स्तर के इस थाने की कमान उप निरीक्षक को संभालनी पड रही है। टीआई की कुर्सी खाली होने से बडौदा थाना क्षेत्र की पुलिसिंग में फिलहाल कसावट भी नहीं देखी जा रही है। क्षेत्र के लोगो ने बडौदा थाने में जल्द ही टीआई की पोस्टिंग करने की आवश्यकता जताई है।

इनका कहना...


बालिका को टक्कर मारने वाली स्कूल बस राजस्थान की है। हादसे के बाद बस चालक मौके फरार हो गया है, जिससे अरेस्ट करने के लिए एक पुलिस पार्टी राजस्थान भेजी जा रही है।

अवनीत शर्मा
एसडीओपी,बडौदा

सरपंच संगठन ने कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

सरपंचों पर आए दिन हो रहे हमलों से भड़का सरपंच संगठन, दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



श्योपुर जनपद क्षेत्र में इन दिनों सरपंच और सरपंच प्रतिनिधियों पर हमला होने की घटना आए दिन सामने आ रही है। इन हमलो को लेकर सरपंच संगठन भडक गया है। सरपंच संगठन ने हमला करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को एसपी के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में सरपंच संगठन ने पुलिस व प्रशासन को आंदोलन करने का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि इस तरह जनप्रतिनिधियों पर जानलेवा हमला की घटनाए बर्दाश्त नहीं जाएगी। जिन्होंने यह हमले किए है,उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा जाए। 72 घंटे के भीतर कार्रवाई न होने की स्थिति में आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

राष्ट्रीय सरपंच संगठन श्योपुर के जिलाध्यक्ष योगेश मीणा और सचिव महावीर सिंह मीणा की अगुवाई में सौपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सरपंच पर हमले की पहले घटना ग्राम पंचायत बहरावदा में सामने आई है,जहां बहरावदा सरपंच योगेश मीणा के साथ गांव के ही दबंग लोगो के द्वारा मारपीट कर दी गई और अब उन पर झूठी एफआईआर दर्ज कराए जाने की कोशिश की जा रही है।

जबकि जानलेवा हमले की दूसरी घटना ग्राम पंचायत दांतरदा की है,जहां सरपंच प्रतिनिधी हरिओम मीणा पर गांव के ही असामाजिक तत्वों ने पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया है। इस हमले में हरिओम मीणा गंभीर रूप से घायल होकर कोटा में जीवन मृत्यु से संघर्ष कर रहे है। लेकिन इन मामलों में न तो पुलिस प्रशासन गंभीरता दिखा रहा है और न ही प्रशासन। जिसकारण जनप्रतिनिधियों का मनोबल गिर रहा है। सरपंच संगठन ने इस मामले मे आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि अगले 72 घंटों के भीतर दोषियों को जेल नहीं भेजा गया और सरपंचों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए, तो पूरे श्योपुर जिले के सरपंच उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन करने पर विवश होंगे। इसके साथ ही जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पूर्ण कार्य बहिष्कार (कामकाज ठप) कर दिया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौपने के दौरान बड़ी संख्या में जिले के सरपंच व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

गुटखा, पुड़िया छोड़ें, नशे के दुर्व्यसनों से दूर रहें:कलेक्टर

आवदा, सेसईपुरा और काली तलाई में जल्द शुरू होगा डिलीवरी प्वाइंट



श्योपुर। कराहल विकासखंड के ग्राम आवदा में शनिवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान जहां अफसरों ने क्षेत्रीय ग्रामीणों की समस्याए सुनते हुए उनका मौके पर ही निराकरण किया गया। वहीं लोगों की संयुक्त रूप से की गई मांग पर कलेक्टर शीला दाहिमा ने ग्राम आवदा सहित सेसईपुरा एवं कालीतलाई में स्थाई रूप से डिलेवरी प्वाइंट शुरू करने के लिए स्वास्थ्य संचालनालय को स्वीकृति हेतु अनुरोध पत्र प्रशासन की ओर से भिजवा दिया।साथही भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही व्यवस्थित रूप से डिलेवरी प्वाइंट की शुरूआत की जायेगी। इसके साथ ही ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर ने पशु औषधालय में वैकल्पिक रूप से पशु क्षेत्र चिकित्सा अधिकारी को नियुक्त करने के निर्देश उप संचालक पशुपालन को दिये। इस दौरान कलेक्टर ने अवगत कराया कि आवदा डैम की मरम्मत का प्रस्ताव जल संसाधन विभाग के माध्यम से वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित कर दिया गया है। वहीं आवदा विद्युत सब स्टेशन पर 5 हजार किलोवाट के ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिए विद्युत मंडल द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर शीला दाहिमा ने कहा कि गुटखा, पुडिया सहित नशे के दुर्व्यसनों से दूर रहें, उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि गुटखा, तम्बाकू खाना न केवल स्वयं के लिए हानिकारक है, बल्कि गर्भावस्था के दौरान बच्चे पर भी इसके विपरित प्रभाव पडते है, जिससे कम वजन वाले अथवा शारीरिक रूप से कमजोर बच्चे पैदा होते है। इसका दीर्घकालीन असर इस बच्चों पर पडता है, इसलिए आज सभी यह संकल्प ले कि न तो गुटखा खायेंगे और न ही अपनी सहेली महिलाओं को गुटखा खाने देंगे। इसके साथ ही उन्होंने बाल विवाह के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए कहा कि कम उम्र में विवाह से स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पडता है। छात्रावास परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित रूप से निदान किया गया तथा समय सीमा के मामलों में निराकरण की अवधि निर्धारित की गई। शिविर में 92 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें लाभ से संबंधी आवेदनों में हितग्राहियों को लाभान्वित करने की कार्यवाही मौके पर ही की गई। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, सीईओ जिला पंचायत कार्तिकेय जायसवाल, एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, सीईओ जनपद अभिषेक त्रिवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत के सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

पति ने की मारपीट,पत्नी ने दर्ज करवाई एफआईआर

घरेलू बातों को लेकर पति पत्नी के बीच हुआ विवाद पहुंचा थाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा कस्बे के वार्ड क्रमांक 12 में घरेलू बातो को लेकर पति पत्नी के बीच हुआ विवाद थाने तक पहुंच गया है। दरअसल विवाद के दौरान पति ने पत्नी की मारपीट कर दी थी,इसी बात से गुस्साए पत्नी ने थाने पहुंचकर पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी। बडौदा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बडौदा के वार्ड क्रमांक 12 निवासी सुग्रीव बैरवा और उसकी पत्नी उर्मिला बैरवा के बीच घरेलू बातो को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ गई कि सुग्रीव बैरवा ने गाली गलौच करते हुए उर्मिला की मारपीट कर दी। इसके बाद तैश में आई उर्मिला ने थाने पहुंचकर पति के खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्ज करा दी।

जगह-जगह नदी तालाबों पर शुरू हुए तर्पण कार्यक्रम

श्राद्ध पक्ष शुरू, पूर्वजों को जलांजलि देने जलाशयों पर लगी वंशजो की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



श्राद्ध पक्ष लगते ही पितरों को तर्पण करने वालों की भीड़ नदी घाटों पर लगना शुरू हो गई है। लोगों ने अलसुबह पहुंचकर ही नदी में उतरकर विधि विधान के अनुसार पुरुखों को जलांजलि दी। शनिवार को पहले दिन बड़ी संख्या में लोग पितरो को जलांजलि देने जलाशयों पर पहुंचे।

पितरों को तर्पण करने की परंपरा श्राद्ध पक्ष लगने के साथ ही प्रारंभ हो गईं। शास्त्रों के अनुसार बहते हुए पानी की धार में दिए जाने वाले तर्पण का विशेष महत्व है, जिसके चलते शुक्रवार सुबह से ही वंशज हाथों में डाब, चावल और तिल आदि सामग्री के साथ पितरों के तर्पण के लिए जलाशयों पर पहुंच गए। शहर के पंडित घाट सहित अन्य घाटों पर तर्पण कार्य संपन्न कराया गया। यहां तर्पण के लिए डाब, जौ तथा तिल आदि सामग्री की व्यवस्था घाट पर ही उपलब्ध कराई गई थी। इस दौरान सैकड़ो लोगों ने आचार्य मनीष उपाध्याय के मार्गदर्शन में मंत्रोच्चार के बीच देवताओं, ऋषियों, पित्रगणों को तर्पण किया तथा परिवार की खुशहाली की कामना की। इसी प्रकार अंचल के विजयपुर नगर में क्वारी नदी, कराहल में बड़ा तालाब, बड़ौदा में चन्द सागर तालाब, ढोढर में पारम नदी, सोंईकलां और मानपुर में सीप नदी आदि जलाशयों पर पहुंच कर परिवार के सबसे बड़े या सबसे छोटे लड़के ने तर्पण देने की परंपरा का निर्वहन किया।

सर्पदंश से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कराहल थाना क्षेत्र के गांव बीलडबरा में एक महिला की सर्पदंश के चलते मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बीलडबरा निवासी राजपति 45 वर्ष पत्नी श्रीमोहन आदिवासी को रात्रि के दौरान तब साप ने हाथ डस लिया,जब जमीन पर गहरी नींद में सो रही थी। जिसका पता चलने पर परिवार के लोग उसकी झाड़ू फूंक कराने लग गए। आराम नहीं मिलने पर परिजन उसे कराहल अस्पताल लेकर आए,जहां उसे डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।इस मामले में कराहल थाना पुलिस ने कराहल अस्पताल पहुंचकर महिला का पीएम करवाया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शालापूर्व शिक्षा और सुपोषण केंद्र बने आंगनबाडियां: शशांक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



आंगनबाडी केंद्र सिर्फ पोषण आहार वितरण केंद्र बनकर न रह जाए यहां आने वाले सभी 3 से 4 साल के बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा के साथ पोषण एवं स्वास्थ्य तथा स्वछता का केंद्र बने। इसके लिए कार्यकर्ता प्रयास भी कर रही हैं ऐसी सभी कार्यकर्त्ता बधाई की पात्र हैं। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने शहर के वार्ड नं 20 के आंगनबाडी केंद्रों पर आयोजित आंगन मिलन कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्त्ता एवं माताओ को समझाइश देते हुए कही।

भाजपा जिलाध्यक्ष भूषण ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरू किए गए सेवा संकल्प अभियान के क्रम में इस तरह के आयोजन जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य हजारों बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कैसे हो के लिए चिंतन मनन करना भी हैं। उन्होंने कहा कि 0 से 6 वर्ष की आयु बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, ऐसे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी अहम हो जाती है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यों में सरकार ने ऑफलाइन से ऑनलाइन व्यवस्था की ओर महत्वपूर्ण बदलाव किया है। डिजिटल माध्यम से कार्यों के संचालन में आपको कागज संधारण करने की परेशानी से छुटकारा मिला है। उन्होंने नई कार्यप्रणाली को अपनाने और बेहतर क्रियान्वयन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना की। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि दीप चंद रेगर आदि मौजूद रहे।

बाजार में बीच सड़क पर बिजली खंभे आने से हो रहा अतिक्रमण

पक्के भवनों को तोड़कर सड़क का चौड़ीकरण तो कर दिया पर पोल शिफ्टिंग करना भूल गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



हाल ही में प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने जिले के सौंदर्यीकरण और यातायात व्यवस्था सुधार की बैठक लेते हुए विभिन्न जनप्रतिनिधियों से मिले सुझावो के बाद इस दिशा में एहतियाती कदम उठाने के निर्देश अधिकारियो को दिए लेकिन डेढ़ दशक पहले अतिक्रमण विरोधी अभियान के बाद सड़के के चौडीकरण के उपरांत जो बिजली के पोल बीच सड़क पर आ गए उन्हें शिफ्टिंग करना प्रशासन भूल गया जो आज भी बाजार में अतिक्रमण और जाम लगने का कारण बन रहा है। आश्चर्य की बात तो यह है कि जब जब भी सड़क सुरक्षा और शहर सौंदर्यकरण की बैठक होती है व्यापारिक संगठन भी चुप्पी साध लेते हैं।

दरअसल करीब डेढ़ दशक पहले मीरा रमेश गर्ग की परिषद के समय सौंदर्यीकरण और यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए शहर की सड़कों को चौड़ा तो बना दिया, लेकिन करोड़ों रुपए खर्च के बाद यह सड़कें सिर्फ देखने और कहने के लिए चौड़ी हुई हैं। ट्रैफिक की दृष्टि से यह सड़कें अभी भी पहले जैसी हैं। इसके पीछे सड़कों पर लगे बिजली के खंभे हैं। पहले यह खंभे सड़क किनारे फुटपाथ पर थे, लेकिन चौड़ीकरण के लिए फुटपाथों को सड़क में शामिल कर लिया। इस कारण कभी सड़क से दूर किनारों पर रहने वाले बिजली के खंभेअब सड़क के बीचों बीच आ गए हैं। बिजली कंपनी इस ओर ध्यान ही नहीं है। कई सड़कों को चौड़ा हुए डेढ़ दशक बीत गए, लेकिन बिजली के खंभे आज तक नहीं हट पाए। सड़क के बीचोंबीच आए खंभे कई बार हादसों का कारण बन चुके है। बिजली कंपनी ओर नगर पालिका पोल शिफ्टिंग के लिए एक दूसरे की जिम्मेदारी बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं।

बाईपास का चौड़ीकरण हुआ लेकिन पोल शिफ्टिंग नहीं हुए

नगर पालिका परिषद ने बाईपास की चौड़ाई बढ़ाने के उद्देश्य से दोनों ओर से पांच पांच मीटर दोनों और से सड़क को चौड़ा तो कर दिया और इससे बाईपास की चौड़ाई लगभग दो गुनी तो गई लेकिन बाईपास के रोड किनारे जो पहले से ही दोनों और बिजली के पोल लगे हुए थे वह हटाए नहीं जा सके। जिसके कारण नगर पालिका द्वारा किए गए चोडीकरण की कवायद भी बेकार साबित हो रही है। हालांकि इस मामले में बिजली कंपनी को पोल शिफ्ट करने हैं और नगर पालिका ने एस्टीमेट भी मांग लिया है लेकिन 2 साल से एस्टीमेट पर सहमति नहीं बनी है जिसका खामियाजा आम लोगों को उठाना पड़ रहा है।

किस सड़क की क्या हालत

-साल 2012 में टोढ़ी गणेश बाजार का चौड़ीकरण किया गया, लेकिन चौड़ीकरण के बाद सड़क के बीच बिजली के 10 खंभे आ गए। यह खंभे अभी भी वहीं खड़े हैं। इस कारण चौड़ी हुई सड़क का फायदा यातायात को नहीं मिल पा रहा है।

-साल 2013 में छह मजार तिराहे से पुल दरवाजा तक की सड़क को चौड़ा किया गया। सड़क लगभग दोगुनी चौड़ी होकर फोर लेन बन गई लेकिन, फुटपाथ पर लगे बिजली के 8 खंभे अब टू-लेन सड़क के दोनों ओर बीच में आ गए हैं।

-गैस एजेंसी रोड का निर्माण भी 2013-14 में हुआ। इस रोड पर भी बिजली के खंभे बीच में खड़े हैं।

-सलापुरा नहर से जैदा मंडी रोड तक की बायपास रोड के बीच में भी कई बिजली के खंभे बीच सड़क पर खड़े हैं। इनके कारण तो कई बार हादसे हो चुके हैं।

_ शहर से होकर गुजरे एनएच रोड के निर्माण के दौरान सीसी रोड की चौडाई तो बढा दी गई,मगर बीच में आए बिजली के पोल आज भी हटाए नहीं गए है।

बिजली खंभे बने अतिक्रमण का कारण

जहां तक खंभे लगे हैं वहां तक दुकानदार अपना सामान जमा लेते हैं। यह हालत बड़ौदा रोड, मुख्य रोड, गणेश बाजार, पाली रोड पर सड़क किनारों पर दिनभर दिखती है। रात के समय यह सड़क 50 फीट तक चौड़ी दिखती है वही रोड दिन में बाजार खुलने के बाद सिकुडकर 25 से 30 फीट की रह जाती है। सड़क के दोनों ओर 20 से 25 फीट दुकानदारों का अतिक्रमण हो जाता है और इसके लिए बिजली के खंबे सबसे बड़ा सहारा बन जाते हैं।

इनका कहना...

मैं नया आया हूं इसलिए मुझे इतनी पुरानी जानकारी नहीं है मैं जानकारी लेता हूं कि पोल शिफिटंग की दिशा में अभी तक क्या प्रयास किए गए हैं। जरूरत पड़ी तो बिजली कंपनी से एस्टीमेट मांग कर पोल शिफ्ट करवाए जाएंगे।

नरेंद्र जाटव
सीएमओ श्योपुर

वाराणसी से वडनगर तक निकाली जा रही बाइक यात्रा का श्योपुर में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



सेवा संकल्प अभियान के तहत वाराणसी से वडनगर तक निकाली जा रही बाइक यात्रा का शनिवार को जिला मुख्यालय श्योपुर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण के नेतृत्व में जुटे पदाधिकारियों ने यात्रा में शामिल युवाओं का उत्साह बढ़ाया।

राजाराम रिसोर्ट में यात्रियों का भाजपा कार्यकर्त्ताओ ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजराज सिंह चौहान ने यात्रियों के साहस की सराहना करते हुए कहा कि यात्रा सेवा, सामाजिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही है। उन्होंने यात्रियों को आगामी सफर के लिए शुभकामनायें दीं। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र जाट,वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश नारायण गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता शामिल रहे।

खबर संक्षेप

ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत विशाल अहिरवार निवासी चंदेरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने 18 से 24 सितंबर के बीच व्हाटस्एप के माध्यम से ऑनलाइन 29254 रूपए की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत 12 सितंबर को छीपौन में घर की अटारी में मृतिका कमली बाई पत्नि नीतेश अहिरवार ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था, उक्त मामले की जांच अशोकनगर एसडीओपी विवेक शर्मा द्वारा की जा रही थी, जांच के बाद पुलिस ने पाया कि ससुराल पक्ष के द्वारा दहेज की मांग कमली बाई को प्रताड़ित किया, जिससे उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने ससुराल पक्ष के नीतेश,हरलाल, पिस्ता बाई अहिरवार निवासी छीपोन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कूढ़ई निवासी राजकुमार अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू, मोनू और राजधर अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर थाना बामौरकला निवासी राहुल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेन्द्र सिंह बुन्देला, जितेन्द्र बुन्देला, दीपेन्द्र व कुलदीप बुन्देला ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी तथा उसके डंफर में तोड़फोड़ की।जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ निवासी नरवीर लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पुरूषोत्तम, श्यामकिशोर, सचिन और शिवकुमार लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुलिया चक्क निवासी प्रीति जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरवीर जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरवाह निवासी धनकुंवर बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी घनश्याम लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करैया तुर्क निवासी भागवती बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति गोविन्द सिंह लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



अशोकनगर। 28 सितम्बर को वल्ड रेबीज डे है। इसी तारतम्य 22 सितम्बर से 28 सितम्बर 2026 तक वल्ड रेबीज वीक के रूप में मनाया जा रहा है। वर्ष 2026 की थीम स्ट्रोंग टूगेदर है। इसी उपलक्ष में स्वास्थ्य विभाग में जन जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रचार प्रसार सामग्रियों के द्वारा जागरूकता के लिए प्रयास किये जा रहे है। सी.एम.एच.ओ. डॉ. अलका त्रिवेदी द्वारा वताया गया कि जिले में श्वान के काटने की कई घटनायें सामने आती है। रेबीज एक घातक संक्रमण है। किन्तु समय पर उपचार एवं टीकाकरण कराने से रेबीज बिमारी से पूर्ण रूप से सुरक्षित हुआ जा सकता है। सी.एच.सी. शाढौरा में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमे बी.सी.एम. संजीव रघुवंशी द्वारा वताया गया कि श्वान के काटने पर घाव को तुरंत कम से कम 15 मिनिट तक वहते साफ पानी एवं साबुन से अच्छे तरह से धौये। घाव को धोने के बाद आयोडिन या अन्य उपयुक्त एंटी सेप्टिक लगाये। बिना देर किये नजदीकी अस्पताल जाकर डॉ. की सलाह के अनुसार जरूरी एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाएं।

हवन के साथ भंडारे का हुआ आयोजन, 10 दिवसीय महापर्व का समापन

गणेश प्रतिमाओं का तुलसी सरोवर पर विसर्जन, शहर में निकले चल समारोह







हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रिद्धी-सिद्धी के दाता मंगल मूर्ती भगवान गणपति जी के 10 दिवसीय महापर्व का गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ समापन हो गया। शहर की सड़कों पर नाचते गाते हुए वुद्धि विनायक भगवान गणपति जी को विर्सजन के लिए ले जाया गया। सड़कों पर उत्सव नजर आया, शहर के तुलसी सरोवर पर बनाए गए विसर्जन कुण्ड में प्रतिमाओं का विसर्जन भक्ति भाव से किया गया।

अशोकनगर शहर में गणपति जी अनगिनत प्रतिमाएं सजाई गईं थीं। इन झांकियों की शुरूआत गणेश चतुर्थी के दिन हुई थी और प्रतिदिन इन झांकियों में आस्था और भक्ति के साथ उल्लास देखा गया। श्रद्धालुओं ने सबसे बड़े देव कहे जाने वाले गणपति जी की पूजा अर्चना की आरती उतारी। इन झांकियों में प्रतिदिन गणपति जी की जयकारा होती देखी गई। गणपति जी की झांकियों में इस बार कई प्रकार की विविधता देखने को मिली। अनेक झांकियों में गणपति जी के नए स्वरूप को दर्शाया गया था। छोटे से छोटे और बडे.आकार की इन प्रतिमाओं को सजाया गया था। शहर का गणेश उत्सव पर्व पर अशोकनगर की वर्षों पुरानी धार्मिक आस्थाओं का हिस्सा है। यह पर्व सुख समृद्धि और सम्पन्नता का एवं खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व के आते ही लोगों में खुशियां छा जाती हैं।

गणेश उत्सव के समापन पर शहर में एक बाद एक झांकियों को विसर्जन के लिए ले जाया गया। सड़कों पर गाजे बाजों के साथ नाचते गाते हुए लोगों को देखा गया। इससे पहले झांकी स्थलों पर हवन पूजन के साथ भण्डारें के आयोजन किए गए। जहां पर लोगों ने प्रसादी प्राप्त की। इससे पहले आयोजित समारोह में कई कार्यक्रम भी देखने को मिले। महाराष्ट्र समाज की ओर से सम्मान समारोह और पुरूस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जहां विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस तरह गणपति जी के इस पर्व पर घर-घर में विराजमान किए गए गणपति जी की प्रतिमाओं को भी अनेक परिवार विसर्जन के लिए तुलसी सरोवर पर पहुंचे और प्रतिमाओं को पूजा अर्चना के साथ जल में विसर्जन किया गया। इस मौके पर पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा, सुरक्षा के शहर में पुख्ता प्रबंध किए गए थे।

तार वाले बालाजी व गणेश मंदिर से चल समारोह निकले





अशोकनगर। शहर में 10 दिवसीय गणपति जी के समापन समारोह के दिन शहर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान के चल समारोह भक्ति भाव से निकाले गए। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी। तार वाले बालाजी मंदिर से यह चल समारोह निकाला गया, इस मौके पर श्रद्धालुओं के भक्ति भाव से भाग लिया। भजन कीर्तनों के आयोजन हुए। यह चल समारोह शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। इसी प्रकार क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के गणेश मंदिर से भी चल समारोह निकाला गया। जिसमें स्वर्णकार समाज के लोगों ने भाग लिया। यह चल समारोह भी शहर के विभिन्न मार्गों से निकला। जगह-जगह पूजा अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई जगह अखाड़ों के आयोजन भी देखे गए। जगह-जगह स्वागत भी किया गया। महिलाएं भी बड़ी संख्या में इन चल समारोह में एक जैसी वेस भूषा धारण कर नाचते गाते और आरती करते हुए देखी गईं।

गणेश विसर्जन जुलूस में नाचे गोरिल्ला



अशोकनगर। शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर कस्बे के प्राचीन गणेश मंदिर पर स्थापित गणेश प्रतिमा का विसर्जन समारोह पूर्वक किया गया।

इस दौरान गणेशोत्सव समिति ने पिछले वर्ष की भांति कलाकारों की मंडली बुलाई थी, जिसने मुंह से आग का गोला हवा में बनाकर हैरत अंगेज करतब दिखाए। कुछ कलाकारों ने शिव, पार्वती, वीरभद्र एवं भूत-प्रेतों का स्वरूप बना रखा था। जिन्होंने नृत्य से मन मोह लिया। इस जुलूस में बच्चों के आकर्षण का केन्द्र दो बड़े-बड़े गोरिल्ला रहे। जिन्होंने झूमते हुए नृत्य किया। देर शाम कैथन नदी के गणेश घाट पर भावभीने वातावरण में गणेश जी की प्रतिमा का विधि विधान से विसर्जन किया गया। समिति के सदस्यों की विसर्जन के दौरान रूलाई फूट पड़ी। समूचे आयोजन में हजारों लोग मौजूद थे। बता दें कि कैथन नदी के तट पर गणेश जी का प्राचीन मंदिर है। इस मंदिर के समीप ही घाट बनाया गया है। मंदिर पर कई वर्षों से गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक प्रतिमा स्थापना की जाती है। जिसकी आरती में शाम के समय सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। दस दिवसीय आयोजन में संगीत संध्या, भजन-कीर्तन, यज्ञ-हवन एवं चतुर्दशी पर विशाल भंडारा किया जाता है।

धूमधाम से निकला अनंत चतुर्दशी का चल समारोह



राजपुर। राजपुर में दिगम्बर जैन समाज द्वारा पर्युषण महापर्व के समापन दिवस पर भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह जैन मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड चैराहे पर पहुंचा और मेन मार्केट, गांधी पार्क, रामलीला मंच होते हुए वापिस जैन मंदिर पर समाप्त हुआ। तत्पश्चात संत शाला में अभिषेक पूजन शांतिधारा संपन्न हुई। शांतिधारा करने का सौभाग्य शांतिलाल धनकुमार जैन और शांतिलाल विकास कुमार जैन को प्राप्त हुआ। फूलमाल ज्ञानमाल का सौभाग्य अमित कुमार नितिन कुमार जैन और नरेश चंद नीरज कुमार जैन को प्राप्त हुआ।

अशोकनगर व गुना दोनों जिलों का प्रशासन पहुंचा

प्रतिमा विसर्जित करने गया शाढ़ौरा का युवक सिंध नदी में बहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रतिमा विसर्जन को लेकर फिर बड़ी चूक सामने आई है। यह घटना अशोकनगर और गुना जिले के बीच बहने वाली सिंध नदी पर हुई। यहां शाढ़ौरा में लगाई गई एक झांकी में विराजमान किए गए गणपति जी को विसर्जित करने के दौरान एक युवक का पैर फिसल गया। देखते देखते ही वह सिंध नही के पानी के बहाव में बह गया, अशोकनगर और गुना दोनों जिलों का प्रशासन मौके पर पहुंच गया है।

घटना शुक्रवार के दोपहर 4 बजे की है घटना के बारे में बताया गया है कि शाढ़ौरा के कटरा मोहल्ला में बच्चों ने गणपति जी की झांकी सजाई थी। विसर्जन के दिन गणपति जी को सिंध नदी में विसर्जित करने के लिए बच्चों के साथ मोहल्ले के कुछ युवा भी गए थे, जब प्रतिमा को विसर्जित किया जा रहा था उसी दौरान अचानक प्रदीप पुत्र मनोज कोरी उम्र 24 साल का पैर फिसल गया जिससे वह सिंध नदी के जल में बह गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद शाढ़ौरा थाने की सीमा होने से शाढ़ौरा थाने का पुलिस बल व प्रशासन मौके पर पहुंचा लेकिन युवक का पता नहीं चला है।

घटना की कहानी यह है कि सिंध नदी का जो एक हिस्सा अशोकनगर की साइड है वह अशोकनगर जिले में आता है और जो दूसरी साइड है वह गुना जिले में आती है, बताया गया है कि शाढ़ौरा प्रशासन ने प्रतिमा विसर्जन के लिए अशोकनगर जिले की सीमा में घाट निर्धारित किए थे उन्ही स्थानों से प्रतिमा विसर्जित की जाना थी, किन्तु झांकी आयोजन प्रतिमा विसर्जित करने के लिए गुना जिले की सीमा में आने वाले स्थान पर प्रतिमा ले गए और विसर्जन करने के दौरान यह घटना हुई। चूकि घटना क्षेत्र गुना जिले की सीमा है इसलिए गुना की कैंट थाने की पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पहुंच गई है और युवक की तलाश की जा रही है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर किए श्रद्धा सुमन अर्पित



अशोकनगर। एकात्म मानववाद के प्रणेता,राष्ट्र चिंतक एवं अंत्योदय के महान प्रेरणास्रोत पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती शुक्रवार को भाजपा द्वारा जिले के सभी बूथों पर मनाई गई। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय परिसर में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री रविंद्र लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सलिल त्रिपाठी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभय ठाकुर सोनू रघुवंशी महेश रघुवंशी रविंद्र यादव वरुण यादव आलोक शर्मा मुकेश पाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का राष्ट्र और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान का उनका संकल्प सदैव हमें राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता रहेगा।

स्वास्थ्य, पोषण एवं महिला स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वस्थ एवं जागरूक समाज निर्माण में महिलाओं बालिकाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : निर्मला सप्रे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



शासकीय कन्या महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान– के अंतर्गत स्वास्थ्य, पोषण एवं महिला स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम तथा नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन के मार्गदर्शन एवं जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सोनाली राय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक निर्मला सप्रे ने छात्राओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने तथा अपने परिवार एवं समाज में भी स्वच्छता और पोषण का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण में महिलाओं और बालिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक धरमू राय ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और जागरूकता समाज के विकास के प्रमुख आधार हैं। उन्होंने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए अपने अधिकारों एवं जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पूर्व विधायक डॉ. विनोद पंथी ने छात्राओं को पोषण एवं संतुलित आहार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए केवल भोजन करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों का उचित संतुलन होना भी जरूरी है। उन्होंने छात्राओं को प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, विटामिन, खनिज तत्व, फाइबर एवं पर्याप्त मात्रा में पानी के महत्व को सरल भाषा में समझाया।

मुख्य वक्ता आशिमा जैन ने महिला स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी प्रत्येक बालिका और महिला तक पहुंचना आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान एवं समान अवसर का संदेश दिया। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति की उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, मुख्य वक्ताओं, जनभागीदारी समिति, महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रभारी सत्यम सिंह कुर्मी रहे तथा मंच संचालन डॉ. निशी भदौरिया द्वारा किया गया।

आत्मसिद्धि की साधना ही ब्रह्मचर्य है: संदीप सरल

दशलक्षण पर्व के दौरान तत्वार्थसूत्र का वाचन करने वाले 101 श्रद्धालुओं का हुआ सम्मान

बीना। दशलक्षण धर्म के अंतर्गत ब्रह्मचर्य धर्म की व्याख्या करते हुए बाल ब्रह्मचारी संदीप 'सरल' ने कहा कि आत्मसिद्धि की साधना ही ब्रह्मचर्य है। वासनाओं का विसर्जन किए बिना आत्मा की साधना नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों में ब्रह्मचर्य को सर्वोपरि व्रत माना गया है। मात्र विवाह न करना ही ब्रह्मचर्य नहीं है, बल्कि अमित सदाचार, सद्वृत्तियों के साथ कुशील पाप का त्याग करते हुए मन की वासनाओं के प्रवाह पर अंकुश लगाना और आत्म साधना के मार्ग पर दृढ़ रहना ही वास्तविक ब्रह्मचर्य है। उक्त उदगार धर्मसभा को संबोधित करते हुए बाल ब्रह्मचारी संदीप 'सरल' ने दशलक्षण धर्म के ब्रह्मचर्य धर्म की व्याख्या करते हुए श्रद्धालुओं को संयम, आत्म साधना एवं सदाचार का संदेश दिया।

आर के जैन रिटायर्ड रेल्वे बीना ने बताया दोपहर 2 बजे श्रीजी के जल विहार का भव्य जुलूस इटावा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर श्री शांतिनाथ जिनालय पहुंचा तथा वहां से पुनः इटावा जैन मंदिर तक आया। इसके पश्चात मंगलाचरणपूर्वक श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा एवं निर्वाण लाडू का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह धार्मिक आयोजन बाल ब्रह्मचारी संदीप 'सरल' के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। दशलक्षण पर्व के दौरान तत्वार्थसूत्र का वाचन करने वाले 101 श्रद्धालुओं का समिति द्वारा सम्मान किया गया।

25 वर्षों के अंतराल के बाद बाल ब्रह्मचारी संदीप 'सरल' के सानिध्य में दशलक्षण धर्म का आयोजन अत्यंत प्रभावना पूर्वक सम्पन्न होने पर श्रद्धालुओं ने कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर रमेश जैन ने सभी की ओर से आभार एवं कृतज्ञता के उद्गार व्यक्त किए। धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने बाल ब्रह्मचारी संदीप 'सरल' से अगले वर्ष पुनः सानिध्य प्राप्त होने की भावना व्यक्त की। इस अवसर पर अनेक वक्ताओं ने उनके त्यागमय एवं संयमित व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया।

मालवा एवं सोमनाथ एक्सप्रेस का भोपाल की बजाय निशातपुरा स्टॉपेज

बीना। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन नंबर 12919/12920 डॉ. अंबेडकर नगर–श्री माता वैष्णो देवी कटरा मालवा एक्सप्रेस तथा ट्रेन नंबर 11465/11466 जबलपुर–वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस का निशातपुरा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। 26 सितम्बर 2026 से मालवा एवं सोमनाथ एक्सप्रेस का दोनों दिशाओं में ठहराव भोपाल की बजाय निशातपुरा स्टेशन पर रहेगा। ये ट्रेन संत हिरदाराम नगर–निशातपुरा कॉर्ड लाइन के माध्यम से संचालित होंगी तथा भोपाल स्टेशन को बायपास करेंगी।

निशातपुरा स्टेशन पर ठहराव समय


भोपाल मंडल जंक्शन पर अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 12919 डॉ. अंबेडकर नगर–श्री माता वैष्णो देवी कटरा मालवा एक्सप्रेस (प्रतिदिन) निशातपुरा 17:20 बजे आगमन, 17:30 बजे प्रस्थान एवं ट्रेन नंबर 12920 श्री माता वैष्णो देवी कटरा–डॉ. अंबेडकर नगर मालवा एक्सप्रेस (प्रतिदिन) निशातपुरा 07:25 बजे आगमन एवं 07:35 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 11465 जबलपुर–वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन) निशातपुरा 06.40 बजे आगमन एवं 06.45 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं ट्रेन नंबर 11466 वेरावल–जबलपुर सोमनाथ एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन) निशातपुरा 20.10 बजे आगमन एवं 20.15 बजे प्रस्थान करेगी।

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पूर्व अपनी ट्रेन की समय-सारिणी एवं नवीनतम जानकारी रेलवे के अधिकृत माध्यमों से अवश्य प्राप्त कर लें। यात्रियों की सुविधा हेतु यह व्यवस्था के अनुरूप 26 सितम्बर 2026 से संबंधित ट्रेन संत हिरदाराम नगर–निशातपुरा कॉर्ड लाइन से संचालित होंगी और उनका ठहराव भोपाल की बजाय निशातपुरा स्टेशन पर रहेगा।

रिमझिम बारिश के बीच धाम लौटे बप्पा, मोतीचूर नदी में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

दूसरे दिन भी शहर में निकाली गई गणेश प्रतिमाओं की झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना





गणेशोत्सव के समापन के दूसरे दिन भी गणपति बप्पा की मनमोहक झांकियां निकाली गई, जिनका विसर्जन मोतीचूर नदी में किया गया। वहीं शुक्रवार को भी देर रात तक रिमझिम बारिश में मुख्य मार्गों से चल समारोह निकाले गए। चल समारोह निकालकर प्रतिमाओं का विसर्जन मोतीचूर नदी पर सुरक्षा के बीच हाइड्रा मशीन के द्वारा किया गया। इसके अलावा बड़ी संख्या में प्रतिमाओं का विसर्जन बेतवा नदी एवं बीना नदी में भी किया गया।

शुक्रवार को सुबह से ही पंडालों में हवन, पूजन शुरू किए गए। शुरुआत में घरों में रखी छोटी-छोटी पार्थिव प्रतिमा लेकर श्रद्धालु नदी पहुंचे, जिसमें बच्चों में खासा उत्साह दिखा। बच्चे हाथ ठेला, ऑटो, बाइक, कार, फोर व्हीलर में झांकी सजाए हुए गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए नदी के घाट पर तो कोई सिर पर प्रतिमा रखकर एवं कंधे पर पालकी उठाकर बप्पा को विसर्जन के लिए लेकर पहुंचे। वहीं बड़ी संख्या में मिट्टी की प्रतिमा भी घरों में विराजमान की गई। जिनका श्रद्धालुओं ने विधि विधान के साथ घरों पर कुंड तैयार कर बप्पा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

बड़ी प्रतिमाओं का चल समारोह ढोल, बैंड, बाजों, डीजे व अखाड़ों के साथ निकाला गाया। ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रक, कार, ऑटो सहित अन्य वाहनों में श्रद्धालुओं ने गणपति जी की प्रतिमाएं विराजित कर झांकियां सजाई थीं और जयकारों के साथ मुख्य मार्गो से नाचते हुए मोतीचूर नदी के विसर्जन घाट पहुंचे। नदी पर प्रतिमाएं हाइड्रा मशीन के माध्यम से वहां तैनात किए गए लोगों ने विसर्जित की। सुरक्षा की दृष्टि से घाट से पहले ही बैरिकेड्स लगाए गए थे। घाट के पहले लगाई गई जिस पर श्रद्धालुओं ने अपनी-अपनी प्रतिमाओं को रखकर रखकर पूजन किया, फिर क्रेन से प्रतिमाएं विसर्जित की गई। समारोह देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग शहर के मुख्य मार्गो, चौराहे पर पहुंचे थे। शहर के मुख्य मार्गो पर जगह-जगह और घाट पर पुलिस बल तैनात रहा। नदी पर नगर पालिका ने सजावट और प्रकाश की व्यवस्था की गई थी। नगर पालिका कर्मचारी, गोताखोर भी नदी पर तैनात रहे और व्यवस्थाएं बनाई। प्रतिभा विसर्जन के दौरान एसडीएम आशीष कुमार, एसडीओपी अजय कुमार सनकत, सीएमओ राहुल कौरव ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।